प्रेस नोट 01- दिनांक 11.10.2024

थाना बेहटा मुजावर, जनपद उन्नाव।

आत्महत्या के दुष्प्रेरण में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 11.10.2023 को वादी श्री गुरुदयाल पुत्र छेदा निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव ने तहरीरी सूचना दी कि दिनांक 07.10.2024 की रात करीब 09.00 बजे मेरे पुत्र नौमीलाल उम्र 40 वर्ष को शिवदयाल पुत्र छेदा, सुरेश, मुनेश पुत्रगण शिवदयाल ने मारा पीटा था। जिसमें मेरे पुत्र ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। दिनांक 09.10.2024 की रात करीब 10.30 बजे पुत्र नौमीलाल अपने घर से बाहर बंगले में सोने जा रहा था। तभी रास्ते में लिखाये गये मुकदमें में सुलह कराने के लिये नरेश, सुरेश, मुनेश पुत्र गण शिवदयाल, सुशीला पत्नी शिवदयाल, शिवदयाल पुत्र छेदा मिलकर दबाव बनाने लगे। जब नौमीलाल ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जिससे क्षुब्ध होकर पुत्र नौमीलाल ने बंगले में जाकर गमछे से गले में फंदा डालकर अपनी जान दे दी। सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 275/2024 धारा 108,3(5) बीएनएस में 1.नरेश पुत्र शिवदयाल, 2. सुरेश पुत्र शिवदयाल, 3. मुनेश पुत्र शिवदयाल, 4. सुशीला पत्नी शिवदयाल, 5. शिवदयाल पुत्र छेदा निवासी गण ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव के विरुद्ध पंजीकृत होकर विवेचना व0उ0नि0 मोरमुकुट पाण्डेय द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियोग की विवेचना व साक्ष्य संकलन के क्रम में अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण मुनेश एवं सुरेश उपरोक्त को आज दिनांक 12.10.2024 को कल्लू बाबा मोड़ अरगूपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.मुनेश पुत्र शिवदयाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव,
2.सुरेश पुत्र शिवदयाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. व0उ0नि0 मोरमुकुट पाण्डेय
2. का0 कपिल मावी,
3. का0 सोनू कुमार

प्रेस नोट 02- दिनांक 11.10.2024

थाना अचलगंज, जनपद उन्नाव।

वारंटी गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 12.10.2024 को थाना अचलगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त दिनेश लोध पुत्र हीरालाल नि0 ग्राम रूपपुर मजरा जरगांव थाना अचलगंज उन्नाव संबन्धित CN. 434/21 अ0सं0 325/17 धारा 323, 504 भादवि व 3(1)द,ध SC/ST ACT को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. दिनेश लोध पुत्र हीरालाल नि0 रूपपुर मजरा जरगांव थाना अचलगंज उन्नाव

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. उ0नि0 ध्रुव सिंह परिहार
2. का0 वसीम अली